9/C

प्रेषक,

विकास वर्मा,
अपर सिविल जज (जू०डि०)
कक्ष सं०–03 कन्नौज।

सेवा में,

माननीय महानिबंधक
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद।

द्वारा

माननीय जनपद न्यायाधीश,
जनपद–कन्नौज।

विषयः दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से एलएल०एम० पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर शिक्षा ग्रहण करने की अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

सादर विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा–2018 बैंच का न्यायिक अधिकारी है। प्रार्थी की नियुक्ति माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अधिसूचना संख्या–3997/एडमिन (सर्विसस)/2019 दिनांक 14 नवम्बर 2019 के माध्यम से अपर सिविल जज (जू०डि०), जनपद कन्नौज के पद पर हुई है। प्रार्थी वर्तमान में अपर सिविल जज (जू०डि०), कक्ष संख्या–03, जनपद कन्नौज के पद पर कार्यरत है।

प्रार्थी दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय (हरियाणा राज्य विधान मण्डल द्वारा 1956 के अधिनियम संख्या–XII से स्थापित) द्वारा संचालित एलएल०एम० पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर शिक्षा ग्रहण करना चाहता है। फार्म भरने की अन्तिम तिथि 24.02.2020 है। प्रार्थी के अध्ययन का माध्यम दूरस्थ शिक्षा होने के कारण वह अध्ययन न्यायालय समय से पूर्व या उसके उपरान्त भली प्रकार से अपने नियुक्ति स्थल पर रहते हुये कर सकता है। प्रार्थी को अध्ययन हेतु विश्वविद्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने की भी कोई आवश्यकता नहीं होगी व अध्ययन अवकाश (स्टडी लीव) लेने की आवश्कता भी नहीं पड़ेगी। इस कारण प्रार्थी द्वारा सम्पादित किया जाने वाला न्यायिक कार्य भी प्रभावित नहीं होगा।

अतः माननीय महोदय से विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी को दुरस्थ शिक्षा के माध्यम से कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में विधि स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर शिक्षा ग्रहण करने की माननीय न्यायालय से अनुमति प्रदान कराने की महती कृपा करें । प्रार्थी माननीय महोदय का सदैव आभारी रहेगा ।

सादर।

भवदीय,

दिनांकः 12.02.2020

Vikas Verma

(विकास वर्मा),
अपर सिविल जज (जू०डि०)
कक्ष सं०–03 कन्नौज।

संलग्नकः कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के एलएल०एम० पाठ्यक्रम के आवेदन पत्र की छाया प्रति।

माननीय जनपद न्यायालय
पत्रांक 417/XV दिनांक 12-02-2020
अग्रसारित

जनपद न्यायाधीश
कन्नौज
12-02-2020